श्री हेम नारायण साह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त

तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/3450 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि- 1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड में पंडित के रामपुर बीटी रोड से सकरी जिसकी दूरी 5.3 किलोमीटर रोड है इस रोड के बीच में बाबा बाजार चौक के समीप गंडकी नदी पर पुल टूट जाने के कारण आसपास के दर्जनों गाँवों के लोगों को आवागमन बाधित हो गया है, यदि हां, तो सरकार कब तक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि सिवान जिला के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत प्रश्नगत पंडित के रामपुर से सकरी तक निर्मित पथ बाबा बाजार के समीप गंडकी नदी को पार करती है जहाँ पुराना पुल निर्मित था। यह पुल अत्यंत जर्जर स्थिति में एवं आवागमन हेतु असुरक्षित होने तथा इस पुल का स्वामित्व किसी विभाग द्वारा ग्रहण नहीं किये जाने के फलस्वरुप, सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभाग द्वारा स्थनीय प्रशासन के साथ समन्वय करते हुए इस पुल को डिस्मेंटल कराया गया। प्रश्नगत पुल के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर अन्य पुल अवस्थित हैं जिनसे इस क्षेत्र का आवागमन वर्तमान में हो रहा है। प्रश्नगत पुल से जुड़ने वाले पथ ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निर्मित हैं तथा यह पुल जिला संचालन समिति द्वारा अनुशंसित पुलों की प्राथमिकता सूची में है। अतएव बेहतर ग्रामीण सम्पर्कता हेतु इस पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा कराया जा सकता है। इस हेतु जल संसाधन विभाग द्वारा अनापत्ति पत्र दी जा सकती है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–141 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3450 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–141 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–141 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(गो0)–05–141 / 2026– 1344 पटना, दिनांक– 20/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
19.03.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo